परियोजना का नाम– जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंर्तगत लमगड़ा से ठाठ गॉव तक मोटर मार्ग। लम्बाई 2.00 कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–813/III(2)/15 –03 (मु0मं0घो0)/2014, दिनांक 17 मार्च, 2015 के द्वारा 3.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु रू 25.49 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। वर्तमान में ग्रामवासियों द्वारा 2 कि0मी0 से आगे मोटर मार्ग हेतु अपनी नाप भूमि देने में आपत्ति व्यक्त की जा रही है। अतः वर्तमान में 2 कि0मी0 लम्बाई में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित लमगडा बाजार से लमगड़ा ब्लॉक तक मोटर मार्ग से आगे प्रस्तावित किया गया है। यह प्रस्तावित मोटर मार्ग सिविल बेनाप, वन पंचायत व नाप भूमि से होकर गुजरता है। ग्राम– ठाठ गॉव में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– ठाठ में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम– ठाठ में प्रस्तावित मोटर मार्ग के बनने से पर्यटन को बढावा मिलने की भी संभावना है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

संरेखण न0–1(लाल रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल बेनाप, वन पंचायत व नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 2.00 कि0मी0 आती है।

संरेखण न0–2(नीले रंग से):– इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल बेनाप, वन पंचायत व नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 2.00 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे है तथा स्थानीय जनता द्वारा आपत्ति की जा रही है। यह संरेखण तकनीकी दृष्टि से भी उचित प्रतीत नही होता है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तदनुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

अमीन
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा